हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

13 मुकेश शर्मा को खेलमंत्री गौरव गौतम ने किया सम्मानित



14 भिवानी से शुरू की अनूठी पहल, किन्नर बच्चे का...









## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने के मामले में दो पकड़े

**भिवानी।** पुलिस थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने व्यक्ति को घर से बुलाकर पार्क में जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विकास निवासी बवानी खेड़ा ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई कि पांच मार्च की रात करीब 9:00 बजे उसके मोबाइल फोन पर आरोपी राजेश का कॉल आया, जिसने किसी कार्य के बहाने उसे देवीलाल पार्क, बवानी खेड़ा में बुलाया। जब वह पार्क में पहुंचा तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर ईंट से वार किया था। थाना बवानी खेड़ा में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को बवानी खेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोमबीर पुत्र धर्मचंद निवासी वार्ड नंबर 15 बवानी खेड़ा व राजेश पुत्र जगदीश निवासी वार्ड नंबर 15 बवानी खेड़ा के रूप में हुई है।

## फसल की सरकारी खरीद की सारी तैयारियां पूरी, 28 मार्च से खरीद करेंगी

# बगैर गेट पास सरसों मंडी में डाली तो नहीं खरीदेंगी सरकारी एजेंसियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अगर आपने अपनी मर्जी से सरसों की ढेरी अनाजमंडी में बना दी या वाहन से डाल दी तो आपकी सरसों की फसल को सरकारी एजेंसियां नहीं खरीदेंगी। चूंकि सरकारी एजेंसियां उन किसानों की सरसों की खरीद करेगी,जिन किसानों ने पहले मार्केट कमेटी से गेट पास जारी करवाया हो। हालांकि इसके लिए मार्केट कमेटी ने सभी खरीद केंद्रों पर एक गेट किसानों के लिए फसल लाने के लिए तथा दूसरा गेट किसान द्वारा खाली किए गए वाहन को निकालने के लिए निर्धारित किया गया है।

बाकी सभी गेटों को बंद करवाया जाएगा। ताकि बिना गेट किसी भी किसान की सरसों की ढेरी मंडी में न डलवाई जा सके। इस तरह की व्यवस्था भिवानी की सभी मंडियों में की गई है। साथ ही मार्केट कमेटी ने सरसों की सरकारी खरीद शुरू करवाने के लिए कमेटी के कर्मचारियों की डयूटी तय कर दी। जो अनाजमंडी के गेट खुले रहेंगे उन गेटों पर मार्केट कमेटी के कर्मचारी तैनात रहेंगे। 28 मार्च से सरकारी एजेंसियां मंडियों में सरसों की खरीद करेंगी।

**गेट पास नम्बर प्लेट पर स्कैच पैन से अंकित नम्बरों पर भी जारी हो जाएगा**

**ऐसी व्यवस्था सभी मंडियों में की गई**



भिवानी। अनाजमंडी में सरसों सुखाते किसान। फोटो : हरिभूमि

### हाई सिक्योरिटी वाली नम्बर प्लेट जरूरी नहीं

मार्केट कमेटी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर के नम्बर हाई सिक्योरिटी वाली प्लेट जरूरी नहीं होगी। बशर्ते ट्रैक्टर के अगले हिस्से पर नंबर नजर आने चाहिए। अगर कोई किसान ट्रैक्टर नम्बर प्लेट पर स्कैच पैन से भी नम्बर अंकित करके लाएगा तो वे भी मान्य होंगे। उसी नम्बर प्लेट के सहारे किसान को खड़ा किया जाएगा। जिसके नाम मेरा फसल मेरा ब्यौरा दर्ज है , उसके साथ फोटो खींचा जाएगा। ट्रैक्टर के साथ किसान का फोटो लेने के बाद पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उसके बाद ही उसका गेट पास जारी हो पाएगा। अगर किसी किसान की सरसों एक ट्राली में नहीं आती तो वह किसान दो से तीन चक्कर लगा सकता है,लेकिन उसकी सरसों उतनी ही खरीदी जाएगी,जितना रकबा मेरा फसल मेरा ब्यौरा पर दर्ज है। फालतू सरसों मिली तो उसकी सरकारी एजेंसियां खरीद नहीं करेंगी।

### अलग से काऊंटर स्थापित किए: कमेटी सचिव

मार्केट कमेटी के सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि सरसों की सरकारी खरीद की सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। गेट पास काटने के लिए कमेटी कार्यालय में अलग से काऊंटर स्थापित किए गए है। अगर किसानों की संख्या ज्यादा पहुंच जाती है तो दूसरा काऊंटर भी खोल दिया जाएगा। अनाजमंडी के प्रत्येक गेट पर एक एक कर्मचारी तैनात किया गया है। ताकि बिना गेट पास कोई भी किसान अपनी फसल न डाले,जो सरकारी एजेंसियों को बेचनी है। इनके अलावा फसल डालने के बाद जो वाहन खाली हो जाएगा। उस वाहन को दूसरे गेट से बाहर निकलवाया जाएगा।

### निरीक्षण भी कर रहे

28 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू होगी। इसके लिए मार्केट कमेटी ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जहां जहां पर सरसों की खरीद करवाई जाएगी। वहां वहां पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाई गई है। सभी मंडियों में बिजली की व्यवस्था चौकस, किसानों व लेबर के पीने के पानी की व्यवस्था तथा किसानों को रात को अगर ठहरना है तो उसके लिए भी व्यवस्था की जा चुकी है। फिलहाल अनामंडियों में मार्केट कमेटी के अधिकारी लगातार निरीक्षण भी कर रहे है।

## लाइब्रेरी व प्रयोगशाला का अनावरण



**लोहारू।** नवनिर्मित लाइब्रेरी एवं विज्ञान प्रयोगशाला की शुरूआत करते विधायक उमेद पातुवास व सरपंच प्रेम चारण।

**चरखी दादरी।** गांव जावा स्थित राजकीय वमा विद्यालय के मुख्य द्वार का उद्घाटन बाढ़ड़ा के विधायक उमेद पातुवास ने किया। इस द्वार का निर्माण प्राचार्य नरपाल सिंह के आग्रह पर गांव की सरपंच प्रेम चारण ने करवाया है। इसके साथ ही नवनिर्मित लाइब्रेरी एवं विज्ञान प्रयोगशाला परिसर का अनावरण भी किया गया। ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक उमेद पातुवास का सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरपाल सिंह ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रेम चारण एवं उसके प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि संस्था लगातार इसी प्रकार विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले एवं राज्य का नाम रोशन करती रहेगी। सरपंच प्रेम चारण ने प्राचार्य एवं स्टाफ की सराहना की। विधायक उमेद ने विद्यालय एवं गांव के लिए हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन सुकेन्द्र जाखड़ ने किया।

## किसानों का अनिश्चितकालीन महापड़ाव

**बेमौसमी बरसात और आंधी से बर्बाद फसलों की सरकार करें विशेष गिरदावरी : देशवाल**

**लोहारू।** लोहारू के लघु सचिवालय परिसर में 254 दिनों से अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर बैठे किसानों ने कहा कि बेमौसमी बरसात और आंधी के कारण किसानों की गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हुई है तथा सरकार को विशेष गिरदावरी करके किसानों को नुकसान का मुआवजा प्रदान करे। किसानों ने सरकार से क्षतिपूर्ति पोर्टल भी खोले जाने की मांग की। किसान नेता रामफल देशवाल व मेवासिंह आर्य ने कहा कि बेमौसमी बरसात और तेज आंधी ने किसानों की गेहूं और सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है तथा सरकार को इसकी विशेष गिरदावरी करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलें और पीड़ित किसानों को इसका मुआवजा देना चाहिए। नंदलाल दहिया ने मनरेगा योजना को पुनः बहाल करने की मांग की। आजाद सिंह भूंगला ने बिजली कानून और बीज कानून 2025 को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की। धरने की अध्यक्षता राजेन्द्र गिगनाऊ, सुमेर, हवा सिंह बलौदा, मेवा सिंह आर्य और महावीर सिंघानी ने की। मंच संचालन सुरेन्द्र राठी बारवास व जयसिंह गिगनाऊ ने किया।



लोहारू। अनिश्चितकालीन धरने के दौरान नारेबाजी करते किसान।

**सौंदर्यकरण** इन पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत आएगी

**शहर में ढाई सौ डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइट**

# 'डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइट' से अब जगमगाएंगे सरकूलर रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अब जल्द ही भिवानी की सड़कों पर डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइट जगमगाती नजर आएंगी। नगरपरिषद शहर के सौंदर्यकरण को पंख लगाते हुए शहर की सड़कों पर डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइटें लगवाने जा रही है। शुरुआती दौर में शहर के सरकूलर रोड के साथ रोहतक, हांसी व लोहारू रोड पर लगवाए जाने की योजना है। इस योजना के मुताबिक इन लाइटों के लग जाने के बाद शहर की सुंदरता को चार चांद लग जाएगें। फिलहाल शहर की सड़कों पर करीब ढाई सौ डिजाइन पोल स्ट्रीट लगवाई जाएंगी। जिन पर करीब दो करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। दूसरी तरफ तरफ देर शाम विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने योजना की पहली लाइट स्थापित करके इस कार्य को आगे बढाया। डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइट लगाने के अवसर पर वहां पर मौजूद लोगों का मुंह मीठा करवाया।



### लोगों का मुंह मीठा करवा लाइट स्थापित करवाई

गुरुवार शाम के वक्त विधायक घनश्याम सर्राफ व नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने हांसी रोड पर पहुंचकर आईटीआई के टी प्वाइंट पर डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइट स्थापित करवाई। इस दौरान दोनों जन प्रतिनिधियों ने नारियल फोड़कर इस योजना का शुभारंभ करवाया। अनेक लोगों का मुंह मीठा करवाया। उन्होंने बताया कि शुरुआत में शहर के सरकूलर रोड के अलावा चार अन्य प्रवेश मार्गो पर इस तरह की लाइटें लगवाई जाएंगी। ताकि शहर को और सुंदर बनाया जा सके।

### लाइटों के लिए डिवाइडरों के बीच बेस बनाने का कार्य शुरू

नप से मिली जानकारी के अनुसार भिवानी शहर के चारों तरफ के सरकुलर रोड पर बने डिवाइडर पर इस तरह की लाइटें लगवाई जाएंगी। जो कि शहर के सभी प्रवेश मार्गों व सभी मुख्य चौक व चौराहों को जोड़ता है। इनके अलावा रोहतक गेट(अग्रसेन चौक ) से लेकर हुन्नामल की प्याऊ तक बने डिवाईडर पर इस तरह की लाइटें लगवाई जाएगी। इसी तरह हांसी गेट से लेकर जुई नहर तक तथा ऑटो मार्केट (रेलवे पुल) से लेकर गंदा नाला तक के डिवाइडर पर डिजाइन पोल स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएंगी। इन लाइटों के लिए डिवाइडरों के बीच बेस बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस मौके पर पार्षद सतेंद्र मोर, सुभाष तंवर, मनोज खांगवाल , संदीप यादव, पवन सैनी, मोनू बादशाह, प्रवीण सिंह, नाहर सिंह उपस्थित रहे।

**मूवी में देखा डिजाइन** इस बारे में नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि भिवानी के सौंदर्यकरण की कड़ी में ये कार्य शुरू किया है। एक मूवी में इस डिजाइन की लाइटें देखी तो भिवानी में भी लगवाने की योजना बनाई । उसी डिजाइन की लाइटें लगवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इन लाइटों पर करीब दो करोड़ का खर्च आएगा। इतनी राशि में लाइट का बेस, वायरिंग व लाइट शामिल है। शहर में करीब ढाई सौ लाइट लगवाई जाएगी।

**तेजी से काम चल रहा** विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि जितनी भी योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। उन सभी योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। सीएम सैनी द्वारा घोषित योजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जल्दी कार्य पूरा करके लोगों को योजनाओं का फायदा पहुंचाया जा सके।





रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2. हींग, 3. फिटकरी

## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने की सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?




उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *

**किताब :** आओ, नाटक खेलें, **लेखक :** उमा आनंद, **अनुवादक :** बलराज पंडित, **मूल्य :** 55 रुपए, **प्रकाशक :** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सीडब्ल्यूसी ने स्टेशन पर मिले बच्चे को सौंपा

**भिवानी।** जिला बाल कल्याण समिति भिवानी ने बिछुड़े बच्चे को परिवार से मिलाकर मानवीयता की मिसाल पेश की है। स्टेशन पर लावारिस मिले बच्चे को उत्तर प्रदेश के कासगंज में उसके परिजनों तक पहुंचा दिया। गुरुवार को बच्चे के दादा भिवानी पहुंचे, जहां कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बच्चा उन्हें सौंप दिया। समिति के सदस्य एडवोकेट धीरज सैनी ने बताया कि 20 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल को भिवानी रेलवे स्टेशन पर एक बच्चा लावारिस हालत में मिला था। आरपीएफ ने बच्चे को तुरंत बाल कल्याण समिति भिवानी के सुपुर्द किया। बच्चा अपना नाम, पता या घर का रास्ता बताने में पूरी तरह असमर्थ था, जिससे उसकी पहचान करना सीडब्ल्यूसी के लिए बड़ी चुनौती था। सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन एडवोकेट प्रदीप सिंह तंवर ने बताया कि जब बच्चा हमारे पास लाया गया, तो वह काफी डरा हुआ था, जिसकारण कुछ भी बोल नहीं पा रहा था। हमने तुरंत राजस्थान और उप्र की पुलिस के साथ-साथ वहां की स्थानीय सीडब्ल्यूसी इकाइयों से संपर्क साधा।

### नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर 15 के मोहल्ला गोसाईयां निवासी अमित, लालगिरी मंदिर के पास बैठकर स्मैक बेचने का काम कर रहा है।

### सलूनी में बाबा भैया का मेला 1 अप्रैल को

**नारनौल।** गांव सलूनी में एक अप्रैल को बाबा भैया का मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। क्रिकेट खिलाड़ी विनोद कुमार ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी नेशनल स्तर, कुश्ती प्रमुख रूप से शामिल हैं। कबड्डी व वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार क्रमशः 31000 व 21000 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 21000 व 11000 निर्धारित किए गए हैं।

# श्रीराम के सत्य और नैतिकता के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिवस पर रामनवमी

**खास बातें**

- रामनवमी और स्वामी रामदेव के संन्यास दिवस पर जनस्वास्थ्य विभाग मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित
- कार्यक्रम की शुरुआत पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार से हुई, लोगों ने विश्व शांति की कामना की



भिवानी। जनस्वास्थ्य विभाग परिसर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जनस्वास्थ्य विभाग के मंदिर प्रांगण में आस्था और राष्ट्रवाद का अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी और आधुनिक युग में योग को जन-जन तक पहुंचाने वाले स्वामी रामदेव के संन्यास दिवस का। इस दोहरे शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों और योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। आहुति देते हुए उपस्थित जनों ने न केवल विश्व शांति की कामना की, बल्कि सनातन संस्कृति के संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी बिजेश कुमार जावला और राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र बडेसरा ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक संकल्प दिवस है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम सत्य, कर्तव्य निष्ठा और नैतिकता के सर्वोच्च प्रतीक हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म की स्थापना के लिए कार्य करना चाहिए। साथ ही स्वामी रामदेव के संन्यास दिवस पर हमें घर-घर योग, हर-घर योग के नारे को चरितार्थ करना है। हमारी संस्कृति ही हमारा असली स्वाभिमान है। इस बात पर भी बल दिया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड व स्वदेशी अभियान के प्रति जन-जागरण की नितांत आवश्यकता है।

### हर नागरिक को स्वदेशी जीवनशैली अपनानी चाहिए

उन्होंने आह्वान किया कि देश की आर्थिक और सांस्कृतिक मजबूती के लिए हर नागरिक को स्वदेशी जीवनशैली अपनानी चाहिए। हवन में शामिल नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी और पतंजलि परिवार के महासचिव के.के. वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि श्री राम का चरित्र हमें मुश्किल समय में भी अडिग रहने की शक्ति देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भगवान राम के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें प्रमुख रूप से बुधराम, सुरेश शर्मा, राजू खरक, पुरुषोत्तम शर्मा, जोगिंदर, और राजा धनाना सहित कई श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति डालकर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया और सामूहिक रूप से देश की प्रगति के लिए प्रार्थना की गई।

## वाल्मीकि ने जागरूकता साइकिल यात्रा को किया रवाना

# नशा इंसान के साथ-साथ समाज को कर देता खोखलाः विधायक

**विधायक कपूर ने कार्यक्रम के दौरान नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई**



भिवानी। नशे के प्रति जागरूकता रैली को संबोधित करते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि



बवानीखेड़ा। स्वच्छ हरियाणा स्वस्थ हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा के तहत साइकिल यात्रा को रवाना करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 16 मार्च को उनके निवास स्थान संत कबीर कुटीर से रवाना की गई नशे के खिलाफ जागरूकता साइकिल यात्रा कस्बा बवानी खेड़ा में पहुंची। इस दौरान हल्का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज को भी खोखला कर देता है। नशे की बुराई को जड़ मूल से समाप्त करना है। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को नशे की गिरफ्त से निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को ड्रग्स आदि किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। युवाओं को चाहिए कड़ी मेहनत करें और अपना भविष्य उज्जवल बनाएं। उन्होंने सरकार द्वारा समय समय पर नशे के खिलाफ जन जागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें ये साइकिल यात्रा भी मुख्य रूप से शामिल होती हैं। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

### भिवानी के शहीद चन्द्र शेखर आजाद ग्रुप ने निकाली यात्रा

यह साइकिल यात्रा भिवानी के शहीद चन्द्र शेखर आजाद ग्रुप द्वारा निकाली जा रही है। इस दौरान ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह एवं ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित कुमार, डिप्टी नोडल ऑफिसर नितेश कुमार, रूट मैप इंचार्ज गाइड रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी, बैंड मास्टर विजय , परेड इंचार्ज हिमांशु भाटी, ध्रुव अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल विवेक, हर्षित, मयूर, देवेश, माहिर, विनय, रिंकू, और अमन के अलावा कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### साइकिल यात्रा बवानीखेड़ा पहुंची

**बवानीखेड़ा।** नॉन-स्टॉप हरियाणा स्वच्छ हरियाणा स्वस्थ हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा शिक्षित हरियाणा विकसित हरियाणा जागरूकता रैली को विधायक ने किया हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता अभियान संदेश पत्र 26 मार्च को हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप, जिला भिवानी द्वारा प्रदेश स्तरीय नॉन स्टॉप हरियाणा स्वच्छ हरियाणा स्वस्थ हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा शिक्षित हरियाणा विकसित हरियाणा जन-जागरूकता साइकिल यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह साइकिल यात्रा 25 मार्च 2026 को रात्रि ठहराव हेतु गांव बवानी खेड़ा पहुंची। तत्पश्चात 26 मार्च प्रातः 10 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर श्री शंभू सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय, बवानी खेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि यह जन-जागरूकता साइकिल यात्रा 17 मार्च को संत कबीर कुटीर, मुख्यमंत्री निवास स्थान से संदेश पत्र के विमोचन एवं नशा मुक्ति साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई थी। इस यात्रा में चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप, जिला भिवानी के जिला मुख्यालय से ग्रुप लीडर सागर, असिस्टेंट ग्रुप लीडर अमित कुमार, ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण कुमार, असिस्टेंट ग्रुप लीडर अंकित, गाइड रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी, असिस्टेंट ग्रुप लीडर सुनील वर्मा, लीडर ट्रेनर नितेश कुमार, डिप्टी मीडिया कोऑर्डिनेटर पुनीत, परेड इंचार्ज हिमांशु भाटी तथा बैंड मास्टर विजय अहिरवार सहित अन्य स्काउट रोवर्स शामिल रहे, जो साइकिलों के माध्यम से पूरे प्रदेश में जाकर नशा मुक्ति का संदेश दे रहे हैं। विधायक ने बताया कि ये यात्रा प्रदेश एवं देश में व्याप्त नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध यह साइकिल यात्रा युवाओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार के अभियान से हमारा हरियाणा नशा मुक्त, स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित एवं विकसित प्रदेश बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर होगा।

# एचडी स्कूल में शूटिंग रेंज का शुभारंभ



चरखी दादरी। निशाना लगाकर शूटिंग रेंज का शुभारंभ करते सुरुचि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

बिरोहड़ स्थित एचडी स्कूल में राम नवमी के पावन पर्व पर इन्द्र शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज गोल्डन गर्ल सुरुचि ने इन्द्र फौगाट शूटिंग रेंज का शुभारंभ किया।

सुरुचि फौगाट ने शूटिंग रेंज की आधुनिक सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी लगन और मेहनत के साथ अभ्यास करें तो वे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अपने संबोधन में सुरुचि फौगाट ने स्कूल के स्टाफ, विद्यार्थियों और समग्र वातावरण की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एचडी स्कूल का सकारात्मक माहौल, अनुशासित विद्यार्थी और समर्पित शिक्षक निश्चित रूप से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार कर रहे हैं। उन्होनें स्कूल एक्टिविटीहॉल, खेल मैदान, वातावरण, स्वीमींगपुल , प्रयोशालाओं, प्राथमिक विभाग एवं समस्त स्कूल वातावरण का भ्रमण किया और मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की।

एच.डी. परिवार की तरफ से निदेशक बलराज फौगाट ने सुरुचि सम्मानित किया ।

# भक्ति एवं सेवा का संगम, बीटीएम चौक श्रीश्याम तोरण द्वार पर उमड़ी भीड़

- सामाजिक एकता एवं सेवा का प्रतीक है धार्मिक आयोजन : घनश्याम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

छोटी काशी के नाम से मशहूर भिवानी में चैत्र मास अष्टमी पर्व की धूम चारों ओर दिखाई दी। इसी कड़ी में बीटीएम चौक स्थित श्रीश्याम तोरण द्वार पर हर वर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए वीरवार को प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ। भक्ति भाव से सराबोर आयोजन में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। अष्टमी के शुभ अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और वंदना हुई।

इसके पश्चात तोरण द्वार पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए बड़े स्तर पर प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान रहा, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। मंदिर के संस्थापक एवं समाज के प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर सेवा का उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम में श्याम मंदिर संस्थापक घनश्याम शर्मा, सुनील गोयल, पवन अरोड़ा, अशोक शर्मा, अनिल अग्रवाल, शिवम गोयल व शिव आदि ने व्यवस्था संभालने और प्रसाद वितरण में अपना सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने बताया कि श्रीश्याम तोरण द्वार पर आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा का प्रतीक है।

# द्वारका पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास से मनाया

- मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार शर्मा ने विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी




चरखी दादरी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते स्कूल प्रबंधक।

द्वारका पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ पवन कुमार ने शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक सोमबीर श्योराण, डीईओ धर्मेन्द्र, डिप्टी डीईओ अल्का श्योराण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार शर्मा ने विधिवत उद्घाटन किया और अपने संबोधन में कहा कि द्वारका पब्लिक स्कूल क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं और अनुशासित वातावरण की सराहना की।

### अतिथियों का किया स्वागत

विद्यालय के मार्गदर्शक बलवान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्याधुनिक कक्षाएं, स्मार्ट क्लासरूम, एआई कंप्यूटर विज्ञान प्रयोगशालाएं और अनुभवी शिक्षकों की टीम उपलब्ध कराई गई है।

# श्रीराम की मर्यादाएं व दुर्गा जैसी शक्ति धारण करने के लिए अच्छी सोच रखें

- सकारात्मक सोच के साथ कर्म करो, कर्म श्रेष्ठ बनेंगे तभी भारत विश्व गुरु बनेगा : बीके ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। चैतन्य देवी रूप में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते बीके भाई बहन।

श्रीराम जैसी मर्यादाएं व मां दुर्गा जैसी शक्ति जीवन में धारण कर सकारात्मक सोच के साथ मुनष्य को कर्म करना चाहिए, हमारे कर्म श्रेष्ठ बनेंगे, तभी हमारा भारत विश्व गुरू बन सकता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में नवरात्रि के मां दुर्गा अष्टमी व रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रम में झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए।

बीके ज्योति ने कहा कि नवरात्रि हमें आत्म-शक्ति को जागृत करने का सन्देश देती है, आज की परिस्थितियों में सच्ची शक्ति राजयोग (मेडिटेशन) के अभ्यास से ही प्राप्त होती है, जिससे नकारात्मकता, क्रोध व तनाव पर विजय प्राप्त कर समाज में सकारात्मक व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनेगा। इस अवसर पर चैतन्य देवी के रूप में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि शक्ति स्वरूपा देवी मां दुर्गा हमें प्रेरणा देती हैं कि हम अपने जीवन से बुराइयों को दूर कर सद्गुणों व शक्तियों को धारण कर समाजहित में कार्य करें। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने रामनवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा, सत्य और आदर्शों का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने सभी को श्रीराम के जीवन मूल्यों को अपनाकर अपने विचार, वाणी एवं कर्म को श्रेष्ठ बनाने का संदेश देते हुए सुंदर और संस्कारित समाज का निर्माण करने का आह्वान किया।

# वार्ड-16 की चार गलियों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**चरखी दादरी।** नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने वार्ड नंबर 16 में चार नई गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ नारियल फोड़कर किया। 26 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों से क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही कच्ची सड़कों और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। चेयरमैन सैनी ने कहा कि नगर परिषद का मुख्य उद्देश्य शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना है।

सैनी ने बताया कि वार्ड 16 के निवासियों की मांग को प्राथमिकता देते हुए इन गलियों का निर्माण कार्य शुरू किया है, जिसे जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने संबंधित एजेंसी ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चलते हुए हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।



चरखी दादरी। गली के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ करते नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान महिला पार्षद राकेश देवी, पूर्व पार्षद खजानी देवी, पार्षद प्रतिनिधि जतिन फोगाट, मोहित फोगाट, डा. प्रदीप डाबोदिया, रामनिवास वर्मा, सुरेश मित्तल, जोगेंद्र, सम्राट फोगाट, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, अखिल गुप्ता व रमेश श्योराण आदि मौजूद रहा।

## आर्टिस्टिक योग चैंपियनशिप में सीनियर रिसर्च ऑफिसर ने जीते दो स्वर्ण पदक

# मुकेश शर्मा को खेलमंत्री गौरव गौतम ने किया सम्मानित

**खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। मुकेश शर्मा को सम्मानित करते खेलमंत्री गौरव गौतम, साथ में विकास अत्री। फोटो :हरिभूमि

ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले सीनियर रिसर्च ऑफिसर मुकेश शर्मा को खेलमंत्री गौरव गौत्तम ने सम्मानित किया। खेलमंत्री गौरव गौत्तम ने मुकेश शर्मा को मैडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया और उन्हें आगे भी खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। मुकेश शर्मा वित्त विभाग हरियाणा के चंडीगढ़ सचिवालय में बतौर सीनियर रिसर्च ऑफिसर कार्यरत हैं, जो खेल एवं अपनी ड्यूटी के बीच संतुलन बनाए हुए हैं।

उल्लेखनीय हैं कि गत 17 मार्च से 21 मार्च तक ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन चैंपियनशिप संपन्न हुई। चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम में भिवानी जिले के गांव मिताथल निवासी पंडित जयभगवान शर्मा के बेटे एवं वित्त विभाग हरियाणा के सीनियर रिसर्च ऑफिसर मुकेश शर्मा ने आर्टिस्टिक योग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते और देश एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। मुकेश शर्मा की खेल उपलब्धि पर खेलमंत्री गौरव गौत्तम ने अपने कार्यालय में मुकेश शर्मा को मेडल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें आगे भी खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाएं दी। खेलमंत्री गौरव गौत्तम ने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खेलों एवं खिलाड़ियों के लिए बेहतर योजनाएं एवं सुख सुविधाओं दी जा रही हैं, जिससे मुकेश शर्मा की तरह अनेक खेल प्रतिभाएं उभरकर सामने आ रही हैं और देश व प्रदेश के लिए मैडल जीत रहे हैं।

### मुकेश ने सभी का जताया आभार

*मुकेश ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेलमंत्री गौरव गौत्तम, पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व हरियाणा प्रदेश योग आयोग के चेयरमैन जगदीप आर्य का आभार जताया। खेलमंत्री से मिलने के दौरान मुकेश शर्मा के छोटे भाई विकास अत्री भी मौजूद रहे, जो योगा के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके है।*

# स्वयंसेविकाओं ने निकाली स्वच्छता एवं नशामुक्ति को जागरूकता रैली

- स्वयंसेविकाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में हुआ। शिविर का शुभारंभ योग एवं प्राणायाम से हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली सामाजिक बुराइयों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और स्वयंसेविकाओं में राष्ट्र सेवा की भावना को जगाना रहा। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक डॉ. चंद्रभान व समाजसेवी नवीन दहिया ने स्वयंसेविकाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति की संयोजक डॉ. सीमा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश लांग्यान एवं मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

**ग्राम पंचायत भारीवास**
**खण्ड तोशाम, जिला भिवानी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव भारीवास में जलघर के सामने वाला तालाब व चलानीयाँ कुएँ के सामने वाला तालाब को मछली पालन हेतु पट्टे पर देने के लिए दिनांक 30.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे एससी चौपाल में बोली करवाई जाएगी। बोली की शर्ते मौके पर बताई जाएगी। सिक्योरिटी राशि 10000 रु. निश्चित है।

ग्राम सचिव नवीन कुमार 9728530943 — सरपंच रविन्द्र 9813545350

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन समाज का अहम अंग हैः डीसी

**भिवानी।** दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्तर की संस्था सक्षम द्वारा स्थानीय प्रयास स्पेशल स्कूल के तत्वावधान में पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी साहिल गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का एक अहम हिस्सा हैं। दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए। डीसी गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए समय-समय पर जिले भर में चिकित्सा कैंप आयोजित किए जाते हैं।

### उदयसिंह ने तीसरी बार राज्य स्तर पर जीता स्वर्ण

**चरखी दादरी।** शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग अकादमी हांसी के बॉक्सर और रुद्रोल निवासी उदयसिंह पुत्र विनय कुमार अब नागपुर में 4 से 12 अप्रैल तक होने वाले राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उदयसिंह शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग अकादमी हांसी में कोच विनय कुमार से प्रशिक्षण लेते हैं। कोच विनय के मार्गदर्शन में उदय को सफलता मिल रही है। उदय सिंह ने 20 मार्च को चरखी दादरी में आयोजित पांचवी जूनियर जिला बॉक्सिंग में 44-46 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।




## मंगलमुखी आश्रम में नवजात का विधि विधान से करवाया नामकरण

# भिवानी से शुरू की अनूठी पहल, किन्नर बच्चे का नामकरण कर किया कुआं पूजन

- किन्नर बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सफल एवं संस्कारवान नागरिक बनाना उद्देश्य
- अब किन्नर बच्चे नहीं सहेंगे शोषण, किन्नर समाज करेगा अच्छी परवरिश : महंत बुलबुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अक्सर समाज के हाशिए पर रहने वाले किन्नर समुदाय ने भिवानी की धरती से एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने ममता की नई परिभाषा गढ़ दी। वीरवार को शहर की गलियां उस समय खुशियों से सराबोर हो गईं, जब किन्नर समाज ने नवजात किन्नर का सवा महीने का होने पर पूरे विधि-विधान से कुआं पूजन किया। मंगलमुखी समाज की महंत बुलबुल ने मात्र पांच दिन के नवजात किन्नर को अपने पास रखकर उसकी परवरिश शुरू की और आज विधि विधान से उसका नामकरण करवाया और कुआं पूजन किया। उल्लेखनीय हैं कि किन्नर नवजात का पहली बार कुआ पूजन कार्यक्रम की सराहनीय शुरूआत भिवानी से हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व किन्नर समाज की महंत बुलबुल ने किया। जीतूवाला जोहड़ स्थित किन्नर समाज आश्रम से कुआ पूजन उत्सव शुरू हुआ। कुआ पूजन उत्सव केवल परंपरा का निर्वहन नहीं था, बल्कि उन संकीर्ण विचारधाराओं को करारा जवाब एवं तमाचा था, जो किन्नर बच्चों को तिरस्कार की दृष्टि से देखते हैं। उत्सव में ढोल-नंगाड़ों की थाप और मंगल गीतों के साथ कृष्णा कॉलोनी स्थित स्वर्ग आश्रम तक पहुंचा। मंगलमुखियों ने अपने सिर पर कलश उठाकर एवं नाचते गाते हुए उत्सव की खुशी मनाई। किन्नर समाज ने नाचते-गाते हुए संदेश दिया कि हर बच्चा ईश्वर का रूप है, उसका स्वागत भव्यता एवं अनूठे अंदाज में होना चाहिए। आश्रम में हवन एवं नामकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।





**भिवानी।** मंगलमुखी आश्रम के शिवालय में नवजात किन्नर समीर की धोक लगवाते महंत बुलबुल। नवजात किन्नर समीर के कुआ पूजन में शामिल मंगलमुखी।

### संकीर्ण सोच पर मंगलमुखियों का तमाचा

महंत बुलबुल ने नवजात किन्नर का नामकरण समीर किया और समाज की कड़वी सच्चाई को सांझा करते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है कि किन्नर बच्चे के जन्म लेते ही उसके प्रति समाज एवं परिवार की विचारधारा संकीर्ण हो जाती है। जन्म से ही उनका शोषण शुरू हो जाता है, लेकिन हमने भिवानी से एक मुहिम शुरू की है कि किसी के घर में किन्नर बच्चा पैदा होता है तो उसे लावारिस छोड़ने या प्रताड़ित न करें, बल्कि उसे हमें सौंप दें। हम उस नवजात किन्नर का खुशियों के साथ एवं अपनी संतान की तरह पालन-पोषण करेंगे। महंत बुलबुल ने कहा कि आश्रम केवल इन बच्चों को छत ही नहीं दे रहा, बल्कि उनके भविष्य की नींव भी रख रहा है। मौके पर नवजात को महंत खुशी, तनीषा, तेजशिया, काजल, सोना, मन्नत, मीनाक्षी, रेखा, रचना, रेशमा आदि ने आशीर्वाद दिया।

### शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहेः महंत बुलबुल

महंत बुलबुल ने बताया कि आश्रम में रह रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य हैं, ताकि वे भविष्य में सफल एवं संस्कारवान नागरिक बन सकें। बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें उनके सपनों को उड़ान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुआं पूजन की रस्म आमतौर पर पुत्र जन्म पर प्रमुखता से देखी जाती हैं, लेकिन नवजात किन्नर के लिए कुआ पूजन समानता का प्रतीक है। भिवानी के किन्नर समाज की ये संवेदनशीलता बताती है कि परिवार खून से नहीं, बल्कि प्यार एवं स्वीकार्यता से बनता है।



**भिवानी।** पोस्टर अभियान चलाकर जागरूक करते हुए।

# हड़ताल को लेकर कर्मचारी यूनियन ने कसी कमर

- 87 नगर निकायों के कर्मचारी दमकल कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में, करेंगे उल्टा झाड़ू प्रदर्शन : पुरुषोत्तम दानव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा 8-9 अप्रैल की राज्य स्तरीय हड़ताल की तैयारी को लेकर प्रदेशभर के दमकल केंद्रों पर पोस्टर अभियान चलाकर कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिन्द, राज्य महासचिव गुलशन भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश व समे राम ने दमकल केंद्र भिवानी का दौरा कर नियमित एवं अनियमित दमकल कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर 8-9 अप्रैल की राज्य स्तरीय हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया। राज्य प्रधान राजेंद्र सिन्द ने कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मचारी भविष्य शर्मा व रणवीर सिंह की शहादत पर हरियाणा सरकार की चुप्पी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के इस सौतेले रवैये के खिलाफ दमकल कर्मचारी 8-9 अप्रैल को हड़ताल पर रहेंगे और दमकल गाडियों का चक्का जाम कर शहीदों के परिजनों को न्याय दिलाने का संघर्ष करेंगे।

### रोहतक में 9 को बैठक

संघ ने यह भी कहा कि दिवंगत दमकल कर्मचारियों भवी चंद्र शर्मा एवं रणवीर सिंह ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है, इसलिए उनके परिवारों को सम्मानजनक मुआवजा, सहायता एवं अन्य सभी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं तथा उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाए। इसके अतिरिक्त, कच्चे दमकल कर्मचारियों के वेतन में पिछले पांच वर्षों से वृद्धि न होने पर भी रोष व्यक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अप्रैल को रोहतक स्थित कर्मचारी भवन में नगरपालिका एवं फायर यूनियन की राज्य कमेटी की बैठक आयोजित कर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। मौके पर राजेश, सुमेर, हरीश, विकास, उमेश राठी, ईश्वर उपस्थित रहे।

# दादरी में 11 अप्रैल को होगी विकसित दादरी रैली, सीएम सैनी करेंगे संबोधित : सांगवान

### कार्यकर्ताओं संग की चर्चा

विधायक सुनील सांगवान ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं संग रैली को लेकर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

दादरी विधानसभा क्षेत्र में 11 अप्रैल को नई अनाज मंडी में 'विकसित दादरी रैली' का भव्य आयोजन किया जाएगा। रैली को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। रैली को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और भाजपा संगठन स्तर पर व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। विधायक सुनील सांगवान ने पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गईं और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विधायक ने कहा कि यह रैली दादरी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा रैली के दौरान दादरी क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक बन सके। बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील इंजिनियर की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने भी रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकने का भरोसा दिलाया। इस रैली से न केवल विकास योजनाओं को गति मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में संगठन भी और मजबूत होगा। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिशन शर्मा, सुशीला फोगाट, रविंद्र सिलगर, जगदीश सांजरवास, नवीन सैनी, ब्रह्मप्रकाश व महेश कौशिक सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा करते विधायक सुनील सांगवान।

# बच्चों ने हम वक्त बदल देंगे... गीत पर मनमोहा

## दूल्हेड़ी के डीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

तोशाम क्षेत्र के गांव दूल्हेड़ी स्थित डीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का बखूबी मनोरंजन करवाया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पवन कुमार तथा प्रसिद्ध समाजसेवी व बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल का विद्यालय के निदेशक प्रदीप शास्त्री ने माल्यार्पण करके तथा मान-सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान समारोह का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ आए हुए अतिथियों के कर कमलों से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करवाकर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों ने हम वक्त बदल देंगे जज्बात बदल देंगे... तथा चक धूम धूम...गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके पश्चात स्कूली छात्राओं ने मैं नचदी मैं नचदी... पंजाबी गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देकर पंजाबी संस्कृति की छटा बिखेरी।



**तोशाम।** सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देते प्रतिभागी।

### स्मृति चिन्ह भेंट किया

अतिथियों को विद्यालय संचालक प्रदीप शास्त्री एवं कुलदीप शास्त्री ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी विद्यालय प्रशासन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, आदर्श स्कूल कैरु के संचालक रामकुमार बंगालिया, गांव दूल्हेड़ी के सरपंच रामेश्वर इंदौरा, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. नरेश जांगड़ा, पूर्व सरपंच रामेश्वर देवड़ा, युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति के प्रधान पवन सैनी, साधुराम जांगड़ा, नथूराम जांगड़ा, प्रसिद्ध समाजसेवी राजू सैनी, संदीप रोहिल्ला राजाराम सैनी, राजेंद्र सैनी आदि मौजूद थे।

### माकपा ने जताई आरक्षण पर आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले पर असहमति



**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला कमेटी ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश का सुप्रीम कोर्ट द्वारा समर्थन किए जाने से पूरी तरह असहमती जताई, जिसमें कहा गया कि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और सक्रिय रूप से उस धर्म को मानता है तथा उसका पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता। माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि सीपीआई(एम) का दृढ़ मत है कि अनुसूचित जाति समुदाय को दिए आरक्षण और अन्य सुरक्षा उपायों का विचार, संबंधित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर आधारित है, लेकिन मौजूदा फैसला स्पष्ट रूप से उन सामाजिक-आर्थिक विचारों के मुकाबले संबंधित समूह की धार्मिक पहचान को प्राथमिकता देता है, इसलिए मौजूदा आदेश संविधान में निहित आरक्षण और अन्य सुरक्षा उपाय प्रदान करने के मूल उद्देश्य को ही विफल कर देता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

# 'संखी संगम' एलुमनी मीट को भव्य बनाने की तैयारियां जोरों परः मोहिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आदर्श महिला महाविद्यालय में आगामी 25 अप्रैल को होने वाले पूर्व छात्राओं के मिलन समारोह 'संखी संगम' एलुमनी मीट को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। जानकारी देते हुए एलुमनी एसोसिएशन की महासचिव डॉ. मोहिनी जांगड़ा ने बताया कि बहुप्रतीक्षित आयोजन को लेकर पूर्व छात्राओं में भारी उत्साह है, सन 1970 में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अभी तक विभिन्न बैचों की लगभग पांच हजार से ज्यादा पूर्व छात्राएं समारोह में भागीदारी की अनुशंसा को लेकर अपना पंजीकरण करवा चुकी है और इसी क्रम में निरंतर रोज नए आवेदन उन्हें प्राप्त हो रहे हैं, जो आयोजन की लोकप्रियता एवं कॉलेज के प्रति पूर्व छात्राओं के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। डॉ. मोनिका ने कहा कि वर्षों बाद अपने कॉलेज परिसर में लौटने को लेकर पूर्व छात्राएं बेहद उत्साहित हैं और कई छात्राओं ने भावुक होकर अपनी पुरानी प्राध्यापिकाओं से मिलने की इच्छा भी व्यक्त की है।

### पूर्व छात्राएं हमारे संस्थान की सबसे बड़ी प्रेरणा

उन्होंने कहा कि पूर्व छात्राएं हमारे संस्थान की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं, उनकी उपलब्धियां महाविद्यालय का नाम रोशन करती हैं। सम्मेलन हमें उनके अनुभवों, विचारों और सुझावों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा, जिससे वर्तमान छात्राओं को भी मार्गदर्शन मिलेगा। वर्तमान छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। डॉ. सुचेता सोनी को प्रदर्शनी (स्टॉल), डॉ. आशिमा यादव एवं तान्या को संपर्क, डॉ. गायत्री बंसल को प्रचार-प्रसार, डॉ. नेहा को धन संग्रह एवं आवास, डॉ. वैशाली को भोजन व्यवस्था तथा सीमा को साज-सज्जा (फाइन आर्ट), डॉ. रचना एवं डॉ. तमन्ना को सांस्कृतिक एवं डॉ. ममता चौधरी को मंच संचालन कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने जान से मारने की नियत से व्यक्ति पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पंकज निवासी बिरला कॉलोनी भिवानी ने थाना शहर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई कि वह 20 फरवरी को परशुराम धर्मशाला में आयोजित एक शादी समारोह से रात करीब 12:30 बजे घर लौट रहा था।

इसी दौरान रास्ते में दो व्यक्तियों ने उसके साथ झगड़ा किया और जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। थाना शहर भिवानी के एएसआई विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभय उर्फ हाबू पुत्र हरीश निवासी राजन पाना, भिवानी के रूप में हुई है।



# सीवरेज की चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने मार्ग पर सीवरेज का गंदा पानी जमा है। एक तरफ विद्यालय के विद्यार्थियों, स्टाफ व कार्यालय के स्टाफ को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो वहीं इस मार्ग से वार्ड 12, 13 व अन्य वार्डवासियों को समस्याएं होती है। लोगों की मानें तो शहर में ऐसा कोई वार्ड नहीं है जहां ये समस्या न हो। लेकिन प्रशासन को समस्त जानकारी होने पश्चात भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है जिसको लेकर सभी परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों में अशोक, चिरंजी,सतीश कुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार, सुशील, हेमलता, भीम आदि ने बताया कि ये मार्ग रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शहर के विभिन्न मार्गों को आपस में जोड़ता है। सीवरेज के ढ़क्कन से गंदा पानी निकलकर मार्ग व घरों के सामने जमा है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### कराटे खिलाड़ियों ने जीते छह पदक

**भिवानी।** गत 22 से 24 मार्च को भोपाल की एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित काई ( कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया) नेशनल सीनियर कराटे चैंपियनशिप में भिवानी के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें भिवानी के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण पदक सहित छह पदक जीते। कोच डॉक्टर प्रवीण गहलोत ने बताया कि चैंपियनशिप में सीनियर महिला वर्ग में अंजलि ने स्वर्ण, अंजलि परमार ने कांस्य, सीनियर पुरुष वर्ग में सनी बवानीखेड़ा ने रजत, धीरज भिवानी ने रजत, नसीब पुर ने कांस्य व गौरव भिवानी ने कांस्य पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया। वहीं रोहन और साहिल ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन पदक नहीं जीत सके। राजपूत धर्मशाला में पहुंचने पर जिला कराटे डो संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया।

## कार्यालय में प्रतिदिन आते हैं सैकड़ों की संख्या में लोग

# तहसील कार्यालय में नहीं शौचालय सुविधा, परेशानी

- कई बार अधिकारियों के सामने उठा चुके समस्या, अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

कस्बे के तहसील कार्यालय में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी सामने आई है, यहां शौचालय तक की व्यवस्था न होने से रोजाना आने वाले सैंकड़ों लोग परेशान हैं। हैरानी की बात है कि इतने महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय में आमजन की मूल जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय नागरिक अनिल, सुरेश मंजीत, एडवोकेट संजीव श्योराण, एडवोकेट अशोक कुमार, एडवोकेट अनिल मान, एडवोकेट राजपाल, गिल, सुनील, अमित, राकेश, मनोज और राजेश ने रोष जताते हुए बताया कि तहसील में काम के लिए आने वाले लोगों को शौचालय न होने के कारण इधर-उधर भटकना पड़ता है, खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई समस्या को अनेक बार अधिकारियों के सामने उठाया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द तहसील परिसर में शौचालय की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। प्रशासन इस गंभीर समस्या को कब तक नजरअंदाज करता है या फिर आमजन को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाता जाता है।



**बाढ़ड़ा।** कस्बे के तहसील कार्यालय के पास रखे खस्ताहाल मोबाइल टॉयलेट।

### मोबाइल टॉयलेट बने खस्ताहाल

लोगों का कहना है कि प्रशासन ने तहसील परिसर के बाहर मोबाईल टॉयलेट तो रखवाए थे, लेकिन उनकी नियमित साफ सफाई एवं देखभाल नहीं होने से हालात बेहद खराब हो चुके हैं। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को इससे सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बारे में कई बार प्रशासन को अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे नाराज लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।